उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 21.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 21.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।












## "पुलिस की पाठशाला" में स्कूली छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, महिला सशक्तिकरण व साइबर अपराध के बारे में किया गया जागरुक-

आज दिनांक 21.07.2025 को थाना कुलपहाड़ में जनतंत्र इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ थाना कुलपहाड़ में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रधानाचार्य जनतंत्र इंटर कालेज कुलपहाड़ श्री जे.पी. अनुरागी की गरिमामयी मौजूदगी में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में किया गया।

इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत "पुलिस की पाठशाला" कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, महिला सशक्तिकरण अभियान, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को पुलिस सहायता के लिए प्रयुक्त महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 112 (पुलिस सहायता), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) और 102 (एम्बुलेंस सेवा) से भी अवगत कराया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया और उन्हें आत्मविश्वास के साथ समाज में अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कंप्यूटर कक्ष, बंदी गृह और थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्र0नि0 कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, अमर उजाला संवाददाता श्री अखिलेश चंसौरिया सहित थाना कुलपहाड़ के समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं भी उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा और जनविश्वास की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ, जिसे सभी उपस्थित छात्राओं व शिक्षकों द्वारा अत्यंत सराहा गया।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में आज दिनांक- 21.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह मय हमराह कां0 कुलदीप सिंह व कां0 मो0 कामिल द्वारा चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त सुशांत यादव पुत्र फूल सिंह यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मु0 सोहरयावं कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा को अर्जुन नहर पुल से अकठौहां की तरफ कच्चा मार्ग वहद ग्राम अकठौहां थाना चरखारी जनपद महोबा से हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा अवैध 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 157/2025 धारा 3/25 A Act पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह
2. कां0 कुलदीप सिंह
3. कां0 मो0कामिल थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त –

सुशांत यादव पुत्र फूल सिंह यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी मु0 सोहरयावं कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा

### बरामदगी

एक अदद तमंचा अवैध 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 21.07.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 21.07.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा मय हमराह कां0 सुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने केश नं0 18/2023 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित एक नफर वारंटी अभियुक्त गजराज पुत्र स्व0 मथुरा प्रसाद उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम सभा परसहा थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। बाद गिरफ्तारी वारंटी गजराज उपरोक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालये के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुनील कुमार मिश्रा
2. कां0 सुभम कुमार

### गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त-

गजराज पुत्र स्व0 मथुरा प्रसाद उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम परसहा थाना कबरई जनपद महोबा उ0प्र0

